28 NOVEMBER 2026

नवोदय प्रश्नपत्र
समाधान के साथ

JNVST 2027 · कक्षा 6 प्रवेश परीक्षा
प्रश्नों को समझें। अपने उत्तर मिलाएँ।
वीडियो से समाधान देखें।

हिन्दी माध्यम · Booklet F



80	100	2 घंटे
प्रश्न	अधिकतम अंक	परीक्षा अवधि

इस PDF में क्या मिलेगा?

01	**Answer Key & Video Solution** Thumbnail या button से YouTube solution खोलें	पेज 2
02	**पूरा प्रश्नपत्र और परीक्षा निर्देश** मूल paper के सभी 15 पेज एक साथ	पेज 3–17
03	**हमारे बारे में · All Rounder BSS** हमारी पहचान, पढ़ाई का तरीका और मिशन	पेज 18–20
04	**Official Channels & संपर्क** YouTube और social channels से जुड़ें	पेज 21–22

पेपर के चार खंड · मानसिक योग्यता · पर्यावरण अध्ययन · अंकगणित · हिन्दी भाषा

अगले पेज पर वीडियो समाधान देखें
Video देखने के लिए internet आवश्यक है · यह answer-key discussion है, official answer key नहीं

ALL ROUNDER BSS™
Navodaya • Sainik School • RMS

28 NOVEMBER 2026 · PAPER DISCUSSION

Answer Key
& Paper Solution

उत्तर और पूरे पेपर का समाधान

इस वीडियो से चेक करें



🔥28 November -Navodaya Entrance Exam Paper Solution | JNVST 2027 6th Answer Key & Paper Solution

वीडियो देखें · Check Answer Key & Solution

Thumbnail या ऊपर दिए button पर क्लिक करें।
वीडियो YouTube पर खुलेगा।

youtube.com/watch?v=b5uQlCfYt2A

2651330

परीक्षा पुस्तिका

परीक्षा पुस्तिका कोड

CS276D HIND

F

हिन्दी

अनुक्रमांक

परीक्षार्थी का नाम :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

समय : 2 घण्टे

अधिकतम अंक : 100

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. आपको ओ.एम.आर. (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) उत्तर-पत्रिका के साथ-साथ एक **16** पृष्ठों की परीक्षा पुस्तिका दी गई है। इस परीक्षा पुस्तिका में क्रमवार, **1** से **80** संख्या तक, **80** प्रश्न दिए गए हैं। **परीक्षा पुस्तिका के पृष्ठों की गिनती कर लें और सुनिश्चित करें कि वे सही क्रम में हैं तथा परीक्षा पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका की क्रम संख्या एवं कोड एकसमान हैं। यदि परीक्षा पुस्तिका व ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में बेमेल/त्रुटि/विसंगति हो, तो अपने निरीक्षक को वापस करके उसके स्थान पर सही परीक्षा पुस्तिका एवं ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका लें।**
2. नीचे दिए गए उदाहरण के अनुसार प्रश्नों के उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में ही दें। परीक्षार्थियों को ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में उचित स्थान पर अपने उत्तर दर्शाने होंगे। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका के पृष्ठ-1 पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक वृत्त को ही काला करें।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनमें से केवल **एक उत्तर सही है**। परीक्षार्थी को सही उत्तर चुनकर, चुने गए उत्तर के संगत वृत्त को काला करना होगा। उदाहरणार्थ, यदि प्रश्न सं. **37** के लिए आपका उत्तर (C) है, तो Ⓒ के अंतर्गत वृत्त को ठीक वैसा ही काला करें जैसा कि नीचे दर्शाया गया है।

प्र.सं.	विकल्प
37	Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ

4. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में लिखने के लिए केवल नीले/काले बॉल-प्वॉइंट पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थियों को अपना बॉल-प्वॉइंट पेन लाना होगा। **पेंसिल का उपयोग सख़्त रूप से वर्जित है।**
5. परीक्षा की अवधि 11:30 a.m. से 01:30 p.m. तक दो घंटों की होगी और इसमें चार खण्ड होंगे जिसमें केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।
6. **"दिव्यांग विद्यार्थियों" के लिए अतिरिक्त 40 मिनट दिए जाएँगे।**
7. प्रत्येक परीक्षार्थी को सभी चारों खण्डों की एकल परीक्षा पुस्तिका दी जाएगी।
8. नीचे दिए गए विवरण के अनुसार **100** अंकों के **80** प्रश्न होंगे। 11:15 a.m. से 11:30 a.m. तक निर्देश पढ़ने के लिए **15** मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

परीक्षण का प्रकार	खण्ड	प्रश्नों की संख्या	अंक
मानसिक योग्यता परीक्षण	खण्ड – I	1 से 20 = 20 प्रश्न	25
पर्यावरण अध्ययन परीक्षण	खण्ड – II	21 से 40 = 20 प्रश्न	25
अंकगणित परीक्षण	खण्ड – III	41 से 60 = 20 प्रश्न	25
भाषा परीक्षण	खण्ड – IV	61 से 80 = 20 प्रश्न	25
	कुल योग	**80**	**100**

9. सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए समान अंक होंगे।
10. आपको प्रत्येक खण्ड में अर्हता (क्वालीफाई) प्राप्त करने के लिए प्रत्येक खण्ड के प्रश्नों के उत्तर देने होंगे।
11. **खण्ड – I** में छः भाग हैं। प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।
12. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में ओवरराइटिंग, स्ट्राइकिंग, कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा मिटाने की अनुमति नहीं है। इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में अलग से कोई चिह्न न लगाएँ। ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में एक बार उत्तर चिह्नित करने के बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए।
13. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में कच्चा कार्य नहीं किया जाना चाहिए। **कच्चे कार्य** के लिए परीक्षा पुस्तिका की पृष्ठ संख्या **16** का उपयोग करें।
14. प्रत्येक **30** मिनट पर घंटी बजाई जाएगी।
15. किसी भी प्रकार की ऋणात्मक मार्किंग नहीं की जाएगी।

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

खण्ड – I
मानसिक योग्यता परीक्षण
भाग – 1

निर्देश : प्रश्न संख्या **1** से **4** में, वर्णमाला/संख्या आधारित पैटर्न दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। पैटर्न का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और विकल्प (A), (B), (C) और (D) में से वह सही विकल्प चुनिए जो पैटर्न को तार्किक रूप से पूरा करता हो। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

1.

4	5	18
3	7	?
6	8	28

(A) 22 (B) 20 (C) 26 (D) 24

2.

E 4	H 3	K 3
T 2	?	Z 3
F 3	I 3	L 2

(A) X 2 (B) W 4 (C) W 5 (D) V 2

3.

G I	L N	Q S
C E	H J	M O
K M	P R	?

(A) V W (B) U W (C) W Y (D) V X

4.

l m	n o p	q r s t
a b	c d e	f g h i
p q	?	u v w x

(A) s t u (B) t s r (C) s t r (D) r s t

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

भाग – 2

निर्देश : प्रश्न संख्या **5** से **8** में, बाईं ओर तीन प्रश्न आकृतियाँ दी गई हैं तथा चौथी आकृति के लिए स्थान रिक्त छोड़ा गया है। प्रश्न आकृतियाँ श्रेणीक्रम में हैं। दाईं ओर दिए गए उत्तर आकृतियों में से वह उत्तर आकृति ज्ञात कीजिए जो बाईं ओर रिक्त स्थान पर आएगी तथा श्रेणीक्रम को पूर्ण करेगी। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

प्रश्न आकृतियाँ **उत्तर आकृतियाँ**

5. 

(A) (B) (C) (D)

6. 

(A) (B) (C) (D)

7. 

(A) (B) (C) (D)

8. 

(A) (B) (C) (D)

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

भाग – 3

निर्देश : प्रश्न संख्या 9 से 12 में, ज्यामितीय आकृति (त्रिभुज, आयत, वृत्त) का एक भाग बाईं ओर प्रश्न आकृति के रूप में दिया गया है तथा उसका दूसरा भाग दाईं ओर दिए गए चार उत्तर आकृतियों (□), (□), (□) और (□) में से किसी एक में है। दाईं ओर से वह आकृति ज्ञात कीजिए जो ज्यामितीय आकृति को पूर्ण करती हो और अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

	प्रश्न आकृति	उत्तर आकृतियाँ
9.		 (A) (B) (C) (D)
10.		 (A) (B) (C) (D)
11.		 (A) (B) (C) (D)
12.		 (A) (B) (C) (D)

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

भाग – 4

निर्देश : प्रश्न संख्या **13** और **14** में, बाईं ओर प्रश्न आकृति दी गई है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। किसी दर्पण को XY रेखा के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न आकृति के उपयुक्त दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर आकृतियों में से चुनिए। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

प्रश्न आकृति **उत्तर आकृतियाँ**

13.





(A) (B) (C) (D)

14.





(A) (B) (C) (D)

भाग – 5

निर्देश : प्रश्न संख्या **15** और **16** में, बाईं ओर एक प्रश्न आकृति दी गई है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) द्वारा चिह्नित चार उत्तर आकृतियाँ दी गई हैं। उस उत्तर आकृति का चयन कीजिए जो प्रश्न आकृति का उपयुक्त जल प्रतिबिम्ब (water image) हो जब जल स्तर को XY रेखा के अनुसार दिखाया जाए। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

प्रश्न आकृति **उत्तर आकृतियाँ**

15.





(A) (B) (C) (D)

16.





(A) (B) (C) (D)

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

भाग – 6

निर्देश : प्रश्न संख्या 17 से 20 में, बाईं ओर एक प्रश्न आकृति दी गई है तथा दाईं ओर चार उत्तर आकृतियाँ (□), (□), (□) और (□) दी गई हैं। वह उत्तर आकृति चुनिए जिसमें प्रश्न आकृति छिपी हुई/सम्मिलित है। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

	प्रश्न आकृति	उत्तर आकृतियाँ			
		(A)	(B)	(C) ✓	(D)
17.					
		(A)	(B)	(C)	(D) ✓
18.					
		(A) ✓	(B)	(C)	(D)
19.					
		(A)	(B) ✓	(C)	(D)
20.					

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

खण्ड – II

पर्यावरण अध्ययन परीक्षण

निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** सम्भावित उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनिए तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

21. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है ?

	स्तम्भ A (जल के रूप)	**स्तम्भ B (विवरण)**
(A)	धारा	भूमिगत जल
(B)	बर्फ	जल का ठोस रूप
(C)	सागर का जल	जल का वाष्प रूप
(D)	वर्षाजल	खारा जल

22. संयुक्त राष्ट्र ने 2014 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय _____ दिवस के रूप में घोषित किया था।

(A) योग
(B) एकता
(C) प्रौद्योगिकी
(D) विज्ञान

23. पैदल यात्रियों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा सड़क पार करने का सबसे सुरक्षित तरीका है ?

(A) खड़ी गाड़ियों के बीच से पार करना
(B) व्यस्त सड़कों पर तेज दौड़ना
(C) ज़ेब्रा कॉसिंग का उपयोग करना
(D) यातायात ट्रैकर ऐप का उपयोग करना

24. निम्नलिखित में से कौन-सा बिजली बचाने का सबसे अच्छा उदाहरण है ?

(A) वातानुकूलक (एसी) को पूरे दिन चालू रखना
(B) कमरे से बाहर निकलते समय पंखा बन्द कर देना
(C) चार्जर का प्लग और स्विच हमेशा चालू करके रखना
(D) पूरे दिन बत्ती जलाकर रखना

25. भारतीय मुद्रा के प्रतीक को पहचानिए।

(A) € (B) $
(C) ₹ (D) ¥

26. निम्नलिखित में से कौन-सी नवीकरणीय ऊर्जा है ?

(A) कोयला से उत्पन्न ऊर्जा
(B) लकड़ी से उत्पन्न ऊर्जा
(C) पेट्रोल से उत्पन्न ऊर्जा
(D) सूर्य से उत्पन्न ऊर्जा

27. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए :

_____ की वृद्धि के कारण भोजन दूषित होता है।

(A) विटामिन (B) सूक्ष्मजीव (जीवाणु)
(C) मसाले (D) खनिज

28. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित है ?

	स्तम्भ A (त्योहार)	**स्तम्भ B (ऋतु)**
(A)	पोंगल	शीत
(B)	होली	शरद
(C)	दीवाली	वसंत
(D)	बैसाखी	वर्षा

29. निम्नलिखित में से कौन-सा 'ढोल' वाद्ययंत्रों के परिवार का हिस्सा ***नहीं*** है ?

(A) पखावज (B) खंजीरा
(C) मृदंगम् (D) सितार

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

30. निम्नलिखित में से कौन-सी भारत की सबसे लम्बी नदी है ?

(A) गोदावरी

(B) गंगा

(C) नर्मदा

(D) कावेरी

31. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान भारतीय मुख्य-भूमि का सबसे दक्षिणी बिन्दु है ?

(A) लद्दाख

(B) कोंकण

(C) मालाबार

(D) कन्याकुमारी

32. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'उप-नदियों' को अच्छी तरह से व्याख्यायित करता है ?

(A) वर्षाजल जो नदी में मिलता है

(B) नदी के साथ जलप्रपात

(C) धाराएँ जो नदी में मिलती हैं

(D) नदी की धारा के नज़दीक की भूमि

33. 'फुलकारी' कढ़ाई मूल रूप से भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से है ?

(A) हरियाणा

(B) गुजरात

(C) पंजाब

(D) राजस्थान

34. उस सही विकल्प का चयन कीजिए जो दिए गए चित्र में '?' के स्थान पर आएगा :



(A) नमक निर्माण

(B) विद्युत उत्पादन

(C) प्लास्टिक निर्माण

(D) बर्फ गलन

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

35. अपशिष्ट (वेस्टेज) को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी क्रियाविधि उपयोगी है ?

(A) निस्तारणीय थालियों का उपयोग करना

(B) कूड़े को जलाना

(C) ✓ कागज का पुनर्चक्रण

(D) प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करना

*निम्नलिखित स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और प्रश्न सं. **36** से **40** तक के उत्तर दीजिए।*

वसुधैव कुटुम्बकम्

जब हम दुनिया को एक परिवार की तरह देखते हैं, तो हम एक-दूसरे की देखभाल करना, सम्मान करना तथा प्रेम करना सीखते हैं और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अवधारणा हमें यही सिखाती है।

पृथ्वी वास्तव में विशेष है। यह एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन संभव है। हजारों वर्षों से इस ग्रह ने मानव, पशु और वनस्पति जीवन को आश्रय दिया और उसका पोषण किया है। पृथ्वी को भी देखभाल की आवश्यकता होती है। जब हम पृथ्वी की देखभाल करते हैं, तो इसका अर्थ है कि हम एक-दूसरे की भी देखभाल कर रहे हैं क्योंकि हम सभी एक परिवार हैं।

पृथ्वी हमारा साझा घर है। यह हमारे लिए एक उपहार है जिसकी देखभाल एवं संरक्षण हमें स्वयं, अन्य व्यक्तियों और भविष्य के लिए अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।

36. पृथ्वी विशेष क्यों है ?

(A) यह सबसे बड़ा ग्रह है

(B) यह सूर्य के सबसे करीब है

(C) ✓ यह जीवन के लिए जाना जाता है

(D) यह एक लाल ग्रह है

37. सूक्ति 'वसुधैव कुटुम्बकम्' से क्या तात्पर्य है ?

(A) दुनिया जीवंत है

(B) ✓ पूरी दुनिया एक परिवार है

(C) पृथ्वी सूर्य के चारों ओर घूमती है

(D) पृथ्वी पर भूमि और जल है

38. पृथ्वी 'हमारा साझा घर' क्यों कहलाती है ?

(A) हम अपने देश की देखभाल करते हैं

(B) ✓ हम अपनी पृथ्वी की देखभाल करते हैं

(C) हम अपनी संस्कृति की देखभाल करते हैं

(D) हम अपने शहर की देखभाल करते हैं

39. हमें दुनिया को एक परिवार की तरह क्यों देखना चाहिए ?

(A) अपने परिवार पर भरोसा रखने के लिए

(B) सभी मानवों की सहायता के लिए

(C) पड़ोसियों के बीच युद्ध को खत्म करने के लिए

(D) ✓ सभी के सम्मान और देखभाल के लिए

40. हमें पृथ्वी की देखभाल क्यों करनी चाहिए ?

(A) ✓ क्योंकि पृथ्वी ने मानव और प्रकृति को आश्रय दिया है

(B) क्योंकि पृथ्वी ने महाद्वीप और सागर को आश्रय दिया है

(C) क्योंकि पृथ्वी ने देशों और द्वीपों को आश्रय दिया है

(D) क्योंकि पृथ्वी ने ग्रहों और आकाशगंगा को आश्रय दिया है

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

खण्ड – III

अंकगणित परीक्षण

निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** सम्भावित उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही सही है। सही उत्तर चुनिए तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

41. एक आयताकार पार्क की लंबाई 40 मीटर तथा चौड़ाई 20 मीटर है। एक खिलाड़ी इसकी सीमा के 4 चक्कर दौड़ने में कुल कितनी दूरी तय करता है ?

(A) 480 मीटर

(B) 460 मीटर

(C) 440 मीटर

(D) 420 मीटर

42. $\frac{1}{17}\left(18 + 19 - 5 + \frac{1}{9}\right)$ के सरलीकरण से प्राप्त होता है :

(A) $\frac{287}{153}$

(B) $\frac{289}{17}$

(C) $\frac{289}{153}$

(D) $\frac{288}{153}$

43. $\frac{259}{17} + \frac{33}{51} - \frac{80}{85}$ बराबर है :

(A) $\frac{254}{17}$ (B) $\frac{286}{17}$

(C) $\frac{252}{17}$ (D) $\frac{284}{17}$

44. एक घड़ी की मिनट वाली सुई को 45 मिनट तक चलने में वृत्त का कितना घुमाव करना पड़ता है ?

(A) पूर्ण घुमाव का $\frac{1}{4}$

(B) पूर्ण घुमाव का $\frac{3}{4}$

(C) पूर्ण घुमाव का $\frac{1}{8}$

(D) पूर्ण घुमाव का $\frac{1}{6}$

45. एक ठेकेदार एक नई टाउनशिप में 28 फ्लैट बना रहा है। यदि वह प्रत्येक फ्लैट को ₹ 56,240 में बेचता है, तो सभी फ्लैटों को बेचने पर उसे कुल कितनी राशि प्राप्त होगी ?

(A) ₹ 17,54,720

(B) ₹ 15,74,720

(C) ₹ 51,74,720

(D) ₹ 57,14,720

46. 4 तथा 12 के प्रथम तीन उभयनिष्ठ गुणज हैं :

(A) 12, 24, 36

(B) 4, 12, 20

(C) 12, 28, 36

(D) 12, 28, 72

कच्चे कार्य के लिए जगह

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

7. 14 घंटे 18 मिनट कितने सेकंड के बराबर हैं ?

(A) 51,480 सेकंड

(B) 50,400 सेकंड

(C) 51,000 सेकंड

(D) 50,000 सेकंड

8. दिए गए क्रम में रिक्त स्थानों को भरिए :

8887 घंटे = ____ वर्ष ____ दिन ____ घंटे

(A) 1, 5, 7 (B) 1, 4, 7

(C) 1, 3, 23 (D) 2, 0, 0

9. राहुल ने सड़क पर एक गड्ढे से बचने के लिए अपनी साइकिल को एक पूर्ण घुमाव का $\frac{3}{8}$ भाग घुमाया। उसने किस प्रकार के कोण से साइकिल को घुमाया ?

(A) न्यूनकोण

(B) समकोण

(C) अधिक कोण

(D) ऋजु कोण

50. एक आयताकार भूखंड का क्षेत्रफल 180 वर्ग मीटर है। यदि इसकी लम्बाई 15 मीटर है, तो इसका परिमाप है :

(A) 60 मीटर (B) 12 मीटर

(C) 54 मीटर (D) 27 मीटर

51. निम्नलिखित में से कौन-सी संख्याएँ आरोही क्रम में व्यवस्थित हैं ?

(A) 305218, 350218, 305812, 350812

(B) 305218, 305812, 350218, 350812

(C) 350812, 350218, 305812, 305218

(D) 305812, 305218, 350218, 350812

52. एक इंजन एक घंटे में 8450 लीटर पानी बाहर निकालता है। यदि यह प्रतिदिन 12 घंटे तक चलता है, तो 5 दिन में यह कुल कितने लीटर पानी बाहर निकालेगा ?

(A) 422500 लीटर

(B) 507000 लीटर

(C) 607000 लीटर

(D) 101400 लीटर

53. $50 - [20 + \{20 - (8 \div 2)\}]$, के सरलीकरण से प्राप्त होता है :

(A) 14 (B) 25

(C) 11 (D) 19

कच्चे कार्य के लिए जगह

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

54. यदि एक आयत का परिमाप 932 से.मी. है और इसकी चौड़ाई 320 से.मी. है, तो इसकी लंबाई है :

(A) 146 से.मी. (B) 148 से.मी.
(C) 156 से.मी. (D) 256 से.मी.

55. एक फलवाटिका में पाँच प्रकार के फलों के वृक्ष हैं। निम्नलिखित दंड ग्राफ इन वृक्षों के फलों की संख्या दर्शाता है :



दिए गए दंड ग्राफ के आधार पर, आम के वृक्षों की संख्या, सेब तथा कटहल के वृक्षों की कुल संख्या से कितनी कम है ?

(A) 300 (B) 360
(C) 260 (D) 200

56. यदि अंकों 2, 3, 5 तथा 6 से बनी 4-अंकों की सबसे बड़ी संख्या A है तथा अंकों 8, 6 तथा 9 से बनी 3-अंकों की सबसे छोटी संख्या B है, तो योगफल (A + B) है :

(A) 5843 (B) 5842
(C) 7221 (D) 7220

57. $\frac{47}{30}$ में क्या जोड़ने पर $\frac{57}{30}$ प्राप्त होता है ?

(A) $\frac{2}{3}$
(B) $\frac{1}{3}$
(C) $\frac{4}{3}$
(D) $\frac{7}{3}$

58. श्याम शाम 4:30 बजे खेलने के लिए बाहर गया तथा 2 घंटे 40 मिनट के बाद वापस लौटा। वह कितने बजे वापस लौटा ?

(A) शाम 6:50 बजे
(B) शाम 7:00 बजे
(C) शाम 7:10 बजे
(D) शाम 7:20 बजे

59. राधा ने 1800 मिलीलीटर दूध खरीदा और रेखा ने 3200 मिलीलीटर दूध खरीदा। दोनों लड़कियों ने कुल कितना दूध खरीदा ?

(A) 4 लीटर
(B) 5 लीटर
(C) 3 लीटर
(D) 2 लीटर

60. 44 के सभी गुणनखंडों का योगफल है :

(A) 83 (B) 84
(C) 40 (D) 85

कच्चे कार्य के लिए जगह

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

खण्ड – IV
भाषा परीक्षण

निर्देश : इस खण्ड में **चार** अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर **पाँच** प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनिए तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला कीजिए।

अनुच्छेद – 1

गीज़ा का महान् पिरामिड विश्व की सबसे अद्भुत ऐतिहासिक स्थलचिह्नों में से एक है। उत्तरी मिस्र के गीज़ा क्षेत्र में स्थित सहारा के रेगिस्तान में खड़ा महान् पिरामिड 135 मीटर ऊँचा तथा झुलसा देने वाले रेगिस्तान की 13 एकड़ ज़मीन को घेरे हुए है। सहारा की शुष्क जलवायु के कारण यह पिरामिड अपनी वास्तविक ऊँचाई से लगभग 9 मीटर (30 फुट) सिकुड़ गया है। यह पिरामिड अभियांत्रिकी का ऐसा अद्भुत नमूना था कि यह 3800 वर्षों तक विश्व की सबसे ऊँची संरचना रहा ! पूरा पिरामिड मूलत: पॉलिश किए चूना-पत्थर से ढका था ताकि सूरज की तेज़ धूप में भी चमकता रहे।

प्राचीन मिस्र का अध्ययन करने वाले बहुत से मिस्र-विद्याविद् – वैज्ञानिक मानते हैं कि महान् पिरामिड का निर्माण लगभग 2560 ईसापूर्व में हुआ, यानी 4500 वर्षों से थोड़ा और पूर्व। इसके निर्माण में हज़ारों की संख्या में कारीगर तथा बीस वर्ष लगे। इस पिरामिड के निर्माण में दो मिलियन प्रस्तर-खंड लगे हैं। यद्यपि अधिकतर खंडों का भार दो या तीन टन है, लेकिन कुछ का भार 80 टन तक भी है !

61. गीज़ा का महान् पिरामिड _____ है।

(A) एक बड़ा बगीचा
(B) एक विशालकाय रेगिस्तान
✓ (C) एक अद्भुत ऐतिहासिक स्थलचिह्न
(D) एक महत्त्वहीन स्थान

62. 'झुलसा देने वाला' शब्द का अर्थ _____ है।

(A) बहुत रुचिकर
(B) बहुत ठंडा
(C) आकर्षक
✓ (D) बहुत गर्म

63. _____ के कारण महान् पिरामिड अपनी वास्तविक ऊँचाई से 9 मीटर (30 फुट) सिकुड़ गया है।

✓ (A) सहारा की शुष्क जलवायु
(B) गीले धरातल
(C) कमज़ोर नींव
(D) तेज़ हवाओं

64. पिरामिड पॉलिश किए चूना-पत्थर से क्यों ढका गया था ?

(A) इसे सुंदर बनाने के लिए
(B) इसे ठंडा रखने के लिए
✓ (C) ताकि सूरज की तेज़ धूप में भी चमकता रहे
(D) पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए

65. मिस्र-विद्याविद् कौन है ?

(A) मिस्र का निवासी
(B) मिस्र की यात्रा करने वाले पर्यटक
(C) मिस्र को पसंद करने वाला
✓ (D) प्राचीन मिस्र का अध्ययन करने वाला वैज्ञानिक

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

अनुच्छेद – 2

अच्छे स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता अनिवार्य है। गंदगी तथा अस्वच्छ शरीर बीमारियों की जननी है। जो व्यक्ति कभी सफाई नहीं करता, गंदे कपड़े पहनता है तथा अपने घर को भी गंदा रखता है, जल्दी ही बीमार पड़ेगा। अपने त्वचा और शरीर को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिदिन स्नान भी समान रूप से महत्त्वपूर्ण है ताकि रक्त अशुद्ध न हो। अस्वच्छ शरीर में बीमारियाँ पैदा करने वाले जीवाणु पनपते हैं। ये जीवाणु हानिकारक हो सकते हैं तथा बीमारियाँ फैला सकते हैं। इनमें से कुछ बीमारियाँ घातक भी हो सकती हैं। यदि आप स्वस्थ जीवन जीना चाहते हैं, तो अपने शरीर, कपड़ों तथा घर को बेहद स्वच्छ रखें। एक स्वच्छ शरीर तथा स्वच्छ घर आत्मसम्मान देता है तथा दूसरों से भी सम्मान पाता है।

66. दिए गए अनुच्छेद के अनुसार, _____ स्वस्थ रहने के लिए अनिवार्य है।

(A) भोजन
(B) कपड़े
(C) ✓ स्वच्छता
(D) रक्त

67. रक्त किस प्रकार अशुद्ध होता है ?

(A) नियमित व्यायाम से
(B) अच्छा भोजन खाने से
(C) ✓ त्वचा को स्वच्छ न रखने से
(D) महँगे कपड़े पहनने से

68. 'घातक' शब्द का विलोम _____ है।

(A) ✓ सुरक्षित (B) हानिकारक
(C) स्वच्छ (D) जोखिमपूर्ण

69. अनुच्छेद के आधार पर, एक व्यक्ति आत्मसम्मान कैसे प्राप्त कर सकता है ?

(A) दयालुता से
(B) सहायक होकर
(C) ✓ स्वच्छता अपनाकर
(D) समृद्ध होकर

70. गंदगी से _____ होता/होती है।

(A) अच्छा स्वास्थ्य (B) ✓ बीमारी
(C) क्रोध (D) मुस्कान

अनुच्छेद – 3

शिवाजी मराठा राष्ट्र के वास्तविक संस्थापक थे। उन्होंने सभी मराठा जनजातियों को एक धार्मिक आस्था के साथ एक राष्ट्र के रूप में संगठित करने का बीड़ा उठाया। उन्होंने सबसे पहले 1662 में बीजापुर के मुस्लिम राज्य से उन्हें मुक्त करवाया। इसके पश्चात् उन्होंने मुगल सम्राट औरंगज़ेब के विरुद्ध एक लम्बे संघर्ष की शुरुआत की — इस संघर्ष में शिवाजी की विजय हुई। मराठा स्वतंत्र हुए तथा शिवाजी का 1674 में रायगढ़ में छत्रपति के रूप में राज्याभिषेक किया गया। उन्होंने छः वर्ष तक शासन किया तथा 1680 में उनकी मृत्यु हुई। शिवाजी युद्ध तथा शासन दोनों में निडर, सक्रिय तथा चतुर थे। वे एक राष्ट्रीय नायक के रूप में माने जाते हैं।

71. दिए गए अनुच्छेद के अनुसार, शिवाजी _____ थे।

(A) ✓ मराठा राष्ट्र के वास्तविक संस्थापक
(B) एक महान् कवि
(C) धर्म के संस्थापक
(D) एक महान् संत

72. वर्ष 1662 महत्त्वपूर्ण है क्योंकि _____।

(A) शिवाजी ने औरंगज़ेब को परास्त किया
(B) शिवाजी का जन्म इसी वर्ष हुआ
(C) ✓ शिवाजी ने मराठाओं को बीजापुर के मुस्लिम राज्य से मुक्त करवाया
(D) शिवाजी दिल्ली आए

73. शिवाजी को क्या उपाधि प्रदान की गई ?

(A) महाराजा
(B) ✓ छत्रपति
(C) सम्राट
(D) बहादुर

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

74. निम्नलिखित में से कौन-सा गुण शिवाजी का वर्णन करता है ?

(A) निडर, सक्रिय तथा चतुर
(B) निडर तथा सक्रिय
(C) सक्रिय तथा चतुर
(D) मेहनती तथा चतुर

75. किसे 'राष्ट्रीय नायक' कहा जा सकता है ?

(A) धन-संपन्न व्यक्ति
(B) एक व्यक्ति जो बड़ा ज़मींदार है
(C) एक व्यक्ति जो राष्ट्रवादी, देशभक्त तथा जननायक है
(D) बहुत सारे व्यवसाय चलाने वाला व्यक्ति

अनुच्छेद – 4

बंदर बहुत दिलचस्प होते हैं, क्योंकि सभी पशुओं में से, वे ही मनुष्य से बहुत अधिक साम्य रखते हैं। वे आकार में मनुष्यों जैसे होते हैं। सबसे मुख्य अंतर है कि बंदरों के पास लंबी पूँछ होती है तथा दो हाथों व दो पैरों की जगह उनके चार हाथ होते हैं। लेकिन उनके चेहरे तथा सिर मनुष्यों जैसे ही होते हैं तथा वे अकसर मनुष्यों जैसा व्यवहार भी करते हैं।

बंदर पेड़ पर रहने वाले पशु हैं। चार हाथ होने के कारण वे बड़ी आसानी तथा तीव्रता से पेड़ पर चढ़ सकते हैं। निस्संदेह, वे अकसर ज़मीन पर उतरते हैं, लेकिन वे अपना अधिकतर समय पेड़ों पर ही बिताते हैं। वे एक पेड़ से दूसरे पेड़ पर कूद सकते हैं; तथा जंगल में वे एक शाखा से दूसरी शाखा पर कूदते हुए मीलों की दूरी एक बार भी ज़मीन पर उतरे बिना पूरी कर लेते हैं। वे रात को पेड़ के ऊपर ही सो भी जाते हैं।

76. सभी पशुओं में से, बंदर बहुत दिलचस्प होते हैं क्योंकि _____।

(A) वे मज़ाकिया होते हैं
(B) वे पेड़ों पर रहते हैं
(C) वे ही मनुष्य से बहुत अधिक साम्य रखते हैं
(D) वे चहचहा सकते हैं

77. बंदर, मनुष्य से भिन्न कैसे हैं ?

(A) मनुष्य के पास चार पैर होते हैं।
(B) बंदर के पास चार पैर होते हैं।
(C) बंदर के पास चार हाथ होते हैं।
(D) मनुष्य के पास चार हाथ होते हैं।

78. 'व्यवहार' शब्द का विलोम _____ है।

(A) आचरण
(B) दुर्व्यवहार
(C) ग़लत आँकना
(D) दुर्व्यवस्था

79. बंदर किस प्रकार बड़ी आसानी और तीव्रता से पेड़ पर चढ़ सकते हैं ?

(A) वे जंगल में रहते हैं।
(B) वे बहुत तीव्र हैं।
(C) उनके पास चार हाथ हैं।
(D) उनकी नज़र बहुत तेज़ है।

80. बंदर रात को कहाँ सोते हैं ?

(A) अपने बिस्तर पर
(B) गुफाओं में
(C) बगीचों में
(D) पेड़ के ऊपर

नवोदय, सैनिक स्कूल एवं आर.एम.एस. की कोचिंग के लिए नए बैच शुरू हो गए हैं
Call: 7610879108 | All Rounder BSS

All Rounder BSS

अभिनव शिक्षण, अनंत संभावनाएं

ABOUT US

हमारी पहचान

हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाने का संकल्प

All Rounder BSS™ एक भारतीय online coaching platform है, जो नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल, RMS, CHS प्रवेश परीक्षाओं तथा NCERT कक्षा 6 से 12 की तैयारी को सरल, सुलभ और परिणाम-केंद्रित बनाता है।

> **"सही मार्गदर्शन, नियमित अभ्यास और मजबूत विश्वास से हर विद्यार्थी अपनी मंजिल तक पहुँच सकता है।"**



भवानी शंकर सोलंकी सर

Founder & Director | Navodaya Alumni

हमारी प्रेरक यात्रा

2009
नवोदय से मिली प्रेरणा

सोलंकी सर का चयन **JNV** मोहनगढ़, जैसलमेर में हुआ। इसी अनुभव ने ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए बेहतर अवसर बनाने की प्रेरणा दी।

2016
शिक्षण यात्रा की नींव

योग्य विद्यार्थियों को **quality coaching** और सही दिशा देने के उद्देश्य से **All Rounder BSS™** की शैक्षणिक यात्रा आगे बढ़ी।

2018
Online शिक्षा की शुरुआत

केवल 4-5 **YouTube subscribers** से आरंभ हुई यात्रा आज देशभर के विद्यार्थियों और अभिभावकों का मजबूत **learning community** बन चुकी है।

8+ Years	10L+	1.5M+	10+
शिक्षण अनुभव	App Downloads	YouTube Community	विशेष Courses

7610879108 | allrounderbss.com | support@allrounderbss.com

All Rounder BSS

अभिनव शिक्षण, अनंत संभावनाएं

WHAT WE TEACH

हम क्या पढ़ाते हैं?

नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा

JNVST कक्षा 6, 9 और 11 के लिए **concept**, **practice** और **exam strategy** आधारित तैयारी।

सैनिक स्कूल एवं RMS

AISSEE तथा **Rashtriya Military Schools** कक्षा 6 और 9 के लिए केंद्रित मार्गदर्शन।

CHS Entrance Preparation

Central Hindu School प्रवेश परीक्षा के लिए **syllabus-aligned classes** और नियमित अभ्यास।

NCERT कक्षा 6 से 12

School curriculum, **chapter-wise concepts**, **notes** और **practice** के साथ नियमित पढ़ाई में सहयोग।

- Mental Ability
- Maths
- Hindi
- English
- Science
- GK & SST
- Hindi Grammar
- Previous Year Papers

Digital Learning Ecosystem

- Live & Recorded Classes
- Smart E-Books & Notes
- Chapter-wise Mock Tests
- All India Weekly Tests
- Doubt Support
- Hindi + English Medium



4.7 Rating
10L+ App Downloads

1.5M+
YouTube Community

Learn Anywhere
App + Web Access

7610879108
allrounderbss.com
support@allrounderbss.com

All Rounder BSS

अभिनव शिक्षण, अनंत संभावनाएं

OUR MISSION

हमारा मिशन

गाँव, कस्बे और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को घर बैठे ऐसी गुणवत्तापूर्ण तैयारी देना, जो बड़े शहरों की coaching तक सीमित न हो। हमारा प्रयास है कि हर योग्य बच्चे को नवोदय, सैनिक स्कूल, RMS और अन्य उत्कृष्ट संस्थानों तक पहुँचने का सही अवसर मिले।

विद्यार्थी हमें क्यों चुनते हैं?

Concept Clarity
कठिन विषयों को सरल भाषा और **step-by-step** तरीके से समझाया जाता है।

Complete Study Support
Classes के साथ **PDFs, notes, model papers, MCQs** और **previous papers**।

Regular Practice & Tests
Chapter-wise mock tests और **weekly test series** से निरंतर प्रगति।

Student-first Guidance
Doubt support, motivation और परीक्षा के लिए **practical strategy**।

Flexible Learning
Live और **recorded lectures** से विद्यार्थी अपनी सुविधा के अनुसार पढ़ सकते हैं।

विश्वसनीय Learning Community
देशभर के लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों से जुड़ा शैक्षणिक परिवार।

एक सपना, एक दिशा, अनंत संभावनाएं

हम केवल परीक्षा की तैयारी नहीं करवाते; हम विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और आगे बढ़ने की सोच विकसित करने का प्रयास करते हैं। हर सफलता हमारे लिए एक परिवार की उम्मीद पूरी होने जैसा है।

हमसे जुड़ें

+91 7610879108 | +91 6376860614

support@allrounderbss.com

www.allrounderbss.com

हमारा पता

आशापुरा रोड, वार्ड नं. 04, नाथ जी का धूणा के पीछे,
पोकरण, जैसलमेर, राजस्थान - 345021

All Rounder BSS™ एक स्वतंत्र educational coaching institute है। यह भारत सरकार, NVS, Sainik Schools Society, Ministry of Defence अथवा किसी परीक्षा-संचालक सरकारी संस्था से संबद्ध या endorsed नहीं है।

All Rounder BSS

अभिनव शिक्षण, अनंत संभावनाएं

YOUTUBE CHANNELS

हमारे Official YouTube Channels

हर विद्यार्थी की जरूरत के अनुसार अलग-अलग, focused और उपयोगी educational content। अपने लक्ष्य वाला channel चुनें और अभी जुड़ें।

ALL ROUNDER BSS™

youtube.com/allrounderbss

नवोदय, सैनिक स्कूल, RMS और अन्य school entrance exams की तैयारी, strategy, important updates और विद्यार्थियों के लिए नियमित guidance।

- JNVST Class 6 & 9
- AISSEE & RMS
- Exam Updates

Join Channel

JNVST Class 11

youtube.com/Jnvst-11th

नवोदय कक्षा 11 Lateral Entry के syllabus, subject-wise preparation, previous questions, admission updates और focused exam guidance के लिए dedicated channel।

- Class 11 LEST
- Subject Preparation
- Admission Updates

Join Channel

All Rounder BSS™ - NCERT

youtube.com/AllRounderBSS-NCERT

NCERT कक्षा 6 से 12 के concepts, school subjects, chapter-wise learning, revision और regular academic support के लिए उपयोगी educational videos।

- NCERT Class 6-12
- Concept Learning
- School Support

Join Channel

7610879108 | allrounderbss.com | support@allrounderbss.com

All Rounder BSS

अभिनव शिक्षण, अनंत संभावनाएं

FOLLOW & JOIN

Social Media पर हमसे जुड़ें

Daily updates, नई classes, exam information, motivation और community support के लिए All Rounder BSS™ के official social channels को Follow एवं Join करें।

Instagram

@allrounderbss

Short learning updates, announcements, student moments और useful educational posts।

FOLLOW

Facebook

ALLROUNDERBSS

Classes, exam updates, important notices और coaching community की नवीन जानकारी।

FOLLOW

Telegram

AllRounderBSS_Official

Important notifications, learning resources, class updates और exam-related information।

JOIN

WhatsApp Channel

All Rounder BSS™ Official

तेज और भरोसेमंद updates सीधे WhatsApp पर पाने के लिए official channel join करें।

JOIN

X / Twitter

@ALLROUNDERBSS

Quick announcements, education updates और महत्वपूर्ण जानकारी के लिए हमें X पर follow करें।

FOLLOW

7610879108

allrounderbss.com

support@allrounderbss.com